दिन–शनिवार   दिनांक– 16 / 03 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।   अवधि– 05 मिनट

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में आज सात चरणों में चुनाव कराये जाने की घोषणा की। बिहार की सभी चालीस सीटों पर सात चरणों में चुनाव संपन्न कराया जाएगा। चुनाव आयोग के अनुसार देशभर के बाईस राज्यों में एक चरण में, चार राज्यों में दो चरणों में, दो राज्यों में तीन चरणों में, तीन राज्यों में चार चरणों में, दो राज्यों में पांच चरणों में, जबकि सात चरणों में तीन राज्यों बिहार, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में चुनाव कराये जायेंगे। इसके साथ ही चुनाव आयोग ने बिहार की अगियावं विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव सातवें चरण में एक जून को लोकसभा चुनाव के साथ ही कराये जाने की घोषणा की है।

मुख्य चुनाव आयुक्त श्री कुमार ने लोकसभा चुनाव– दो हजार चौबीस का विस्तृत कार्यक्रम जारी करते हुए बताया कि पहले चरण में एक सौ दो सीटों पर उन्नीस अप्रैल को चुनाव होगा। दूसरे चरण का चुनाव छब्बीस अप्रैल को कराया जाएगा। दूसरे चरण के तहत नवासी सीटों पर चुनाव कराया जाएगा। तीसरे चरण का चुनाव सात मई को चौरानवे सीटों पर होगा। चौथे चरण का चुनाव तेरह मई को छियानवे सीटों पर कराया जाएगा। पांचवे चरण का चुनाव बीस मई को उनचास सीटों पर होगा। छठे चरण का चुनाव पच्चीस मई को सत्तावन सीटों पर होगा, जबकि सातवें और अंतिम चरण का चुनाव एक जून को सत्तावन सीटों पर कराया जाएगा। मतगणना चार जून को होगी और इसी दिन दोपहर बाद तक सभी नतीजे आ जाने की संभावना है। चुनाव आयोग ने आन्ध्र प्रदेश, सिक्किम, अरूणाचल प्रदेश और ओडिशा में विधानसभा चुनाव कराने की भी घोषणा की है। इन राज्यों में लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ–साथ कराये जायेंगे।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि इस बार चुनाव में सत्तानवे करोड़ मतदाता मतदान में भाग लेंगे। इनमें सैंतालीस करोड़ से अधिक महिला मतदाता हैं, जबकि उन्नीस करोड़ पचहत्तर लाख युवा मतदाता शामिल हैं। पहली बार मतदान करने वालों की संख्या करीब एक करोड़ अस्सी लाख है। श्री कुमार ने बताया कि आम चुनाव के लिए देशभर में साढ़े दस लाख मतदान केन्द्र बनाए गये हैं, जबकि पचपन लाख से अधिक ईवीएम की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और स्वच्छ मतदान के लिए व्यापाक व्यवस्था की जा रही है। सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा बल की तैनाती होगी और संवेदनशील बूथों पर अर्धसैनिक बलों की तैनाती की जाएगी। इसके साथ ही चुनाव प्रक्रिया की पूरी निगरानी वीडियोग्राफी और वेब–कास्टिंग के जरिए की जाएगी।

———————————————————

चुनाव आयोग के चुनाव की तारीखों के एलान के साथ ही देशभर में आचार संहिता लागू हो गयी है। इसके तहत किसी तरह की नई योजनाओं की घोषणा, उद्‌घाटन, शिलान्यास और अन्य तरह की लुभावनी घोषणाओं पर पावंदी लागू हो गयी है। प्रचार कार्यों में सरकारी गाड़ियों और अन्य संसाधनों का इस्तेमाल भी नहीं किया जा सकता। अधिकारियों की ट्रांसफर–पोस्टिंग के लिए भी चुनाव आयोग से पूर्व अनुमति लेनी होगी।

———————————————————

नीतीश कुमार सरकार के मंत्रिमंडल के विस्तार के बाद नये मंत्रियों के बीच आज विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। कल इक्कीस नये मंत्री मंत्रिमंडल में शामिल किये गये थे। भारतीय पुलिस सेवा से अवकाश ग्रहण करने के बाद राजनीति में आये जदयू के सुनील कुमार को राज्य का नया शिक्षा मंत्री बनाया गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मंगल पांडेय फिर से स्वास्थ्य मंत्री बनाये गये हैं। उनके पास कृषि विभाग का भी प्रभार रहेगा। नीतीश मिश्रा उद्योग और पर्यटन विभाग के मंत्री नियुक्त किये गये हैं। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा एक से अधिक अन्य कई विभाग संभाल रहे मंत्रियों के विभागों को नये मंत्रियों को सौंपा गया है। सम्राट चौधरी अब वित्त और वाणिज्य कर मंत्री रहेंगे जबकि विजय कुमार सिन्हा के पास पथ निर्माण और खान तथा भूतत्व विभाग का प्रभार रहेगा। वे कला, संस्कृति और युवा विभाग का काम भी देखेंगे। पहली बार मंत्री बने भाजपा के सुरेंद्र मेहता को खेल विभाग और संतोष कुमार सिंह को श्रम संसाधन विभाग सौंपा गया है।

जदयू कोटे के अधिकतर मंत्रियों को पूर्व की सरकार की तरह वहीं विभाग सौंपे गये हैं। लेशी सिंह फिर से खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग की मंत्री बनायी गयी हैं वहीं मदन सहनी को समाज कल्याण विभाग की जिम्मेदारी दी गयी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व की तरह सामान्य प्रशासन, गृह, निगरानी, निर्वाचन और मंत्रिमंडल सचिवालय का प्रभार अपने पास रखा है। भाजपा कोटे से मंत्री बने नितिन नवीन को विधि विभाग के साथ नगर विकास और आवास विभाग की जिम्मेदारी दी गयी है। भाजपा के अन्य सदस्यों में जनक राम को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति विभाग, हरि सहनी को पिछड़ा तथा अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग तथा केदार प्रसाद गुप्ता को पंचायती राज विभाग का मंत्री बनाया गया है। नीरज कुमार सिंह को लोक स्वास्थ्य और अभियंत्रण पीएचईडी विभाग की जिम्मेदारी दी गयी है। पहली बार मंत्री बने डॉ दिलीप कुमार जायसवाल को राजस्व और भूमि सुधार तथा कृष्ण नंदन पासवान को गन्ना उद्योग मंत्री बनाया गया है।

प्रसिद्ध गायिका अनुराधा पौडवाल भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गई हैं। सुश्री पौडवाल ने आज नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में, महासचिव अरूण सिंह की उपस्थिति में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।